## खबर संक्षेप

### नगर परिषद भुआ बिछिया में नगर अध्यक्ष का निर्वाचन भाजपा की जीत के साथ संपन्न



**भुआबिछिया।** जिला मंडला अंतर्गत नगर परिषद भुआ बिछिया में विगत समय अध्यक्ष की सीट रिक्त होने से वार्ड नंबर 13 के उपचुनाव हुए थे, उसके बाद आज दिनांक 25 जुलाई 2025 को रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत की उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती रजनी मरावी का बहुमत सिद्ध हुआ। इस प्रकार नगर परिषद भुआ बिछिया को पुनः भाजपा का अध्यक्ष प्राप्त हुआ। संवैधानिक प्रक्रिया अनुसार श्रीमती रजनी मरावी जी ने नामांकन दाखिल किया था और उन्हें 08 पार्षदों के बहुमत समर्थन से विजय प्राप्त हुई। इस प्रकार नगर परिषद भुआ बिछिया में भाजपा की जीत हुई और श्रीमती रजनी मरावी जी को नगर परिषद अध्यक्ष चुना गया। रिटर्निंग ऑफिसर (एस डी एम) सुश्री सोनाली देव ने श्रीमती रजनी मरावी को अध्यक्ष की जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। चुनाव परिणाम के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा जी, पूर्व विधायक शिवराज शाह जी, वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक दीक्षित जी, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम जी, जिला महामंत्री उमेश ठाकुर/नीरज मरकाम जी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट जी, भाजपा नेता डॉ विजय आनंद मरावी जी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह कोकड़िया जी, वरिष्ठ पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव जी/अजय पुरी गोस्वामी जी, प्यारे लाल कोराम जी, श्रीमती चेतना राजपूत जी, श्री नरेश कसार जी, श्रीमती पूनम रजक जी, श्रीमती हर्षलता श्रीवास जी, जिला उपाध्यक्ष अशोक नानकानी जी, भाजपा नगर अध्यक्ष रानू राजपूत जी, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा जी, पूर्व विधायक झल्लू लाल तेकाम जी, मंडल महामंत्री श्री नरेश सावे/ नरेश राजपूत, उपाध्यक्ष श्री दीपक कटारे, भूपेंद्र ठाकुर सहित जिला भाजपा एवं भाजपा मंडल बिछिया के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, मातृशक्तियां, सभी कार्यकर्ता बंधु एवं आम नागरिकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमति रजनी मरावी एवं सभी पार्षदों को बधाई दी।

### एक पेड़ मां के नाम



**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा मंडला द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा रहेए जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में जिले भर से आए किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को पौधे वितरित किए।

## पुरवा रामबाग स्कवाह में चल रही जुए की अघोषित मंडी

# जिला बदर अपराधी बना जुए का बादशाह

मण्डला।

महाराजपुर थाना अंतर्गत पुरवा, रामबाग स्कवाह क्षेत्र में एक जिला बदर अपराधी के कारनामे खुलेआम जुए की फड़ संचालित की जा रही है। लगातार स्थान बदल-बदल कर यह अवैध गतिविधि संचालित हो रही है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में खिलाड़ी किस्मत आजमाने पहुंच रहे हैं। नाल काटने वाला यह शख्स न केवल खिलाड़ियों की जेबें खाली करवा रहा है, बल्कि समाज में अपराध की नई जमीन भी तैयार कर रहा है। एक साल से अधिक हो गए जुआ के संचालन में लिप्त है यह सख्स।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस फड़ में ₹मन्नार₹ नामक खतरनाक जुआ खिलाया जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में 'अंदर-बाहर' भी कहा जाता है। चंद मिनटों में लाखों की बाजी पलट जाती है। हारने वाले खिलाड़ियों को तुरंत फायनेंस की सुविधा दी जाती है, जिसके एवज में उन्हें 10 से 20 प्रतिशत तक ब्याज वसूल किया जाता है। खास बात यह है कि इस फाइनेंस की राशि ब्याज सहित उसी समय वसूल की जाती है—खेल के दौरान ही। खेल समाप्ति पर अक्सर उधार डूब जाता है।





बताया जा रहा है कि इस पूरे खेल में नालदार खुद भी फाइनेंसर की भूमिका निभाता है। हारने वाले खिलाड़ियों को वह खुद की 'नाल' (जुए से मिली कमाई) से उधार देकर ब्याज वसूल करता है। यही कारण है कि यह फड़ हर दिन नए स्थान पर सजती है।

अक्सर देखा गया है कि पुलिस की कार्रवाई के बाद भी जुआड़ियों को थाने से ही जमानत मिल जाती है। इस वजह से संचालकों के हौसले बुलंद हैं। पुराने अपराधी, जो जेल की हवा खा चुके हैं, वे ही अब इस खेल को चला रहे हैं, जिन्हें कानून से ज्यादा डर नहीं लगता।

इस अवैध जुए के खेल को सफल बनाने में एक पूरी टीम काम कर रही है। लगभग 200-300 रुपये में कुछ स्थानीय वालंटियर चौराहों और गलियों में निगरानी रखते हैं और पुलिस या संदेहास्पद व्यक्ति के आने पर तत्काल मोबाइल से सूचना अपने आका (नालदार) तक पहुंचा देते हैं।

पुरवा की इस अवैध जुए की मंडी में अंजनीय, बिछिया, निवास, पिंडरई, नेंनपुर, बम्हनी जैसे क्षेत्रो से लोग जुआ खेलने पहुंचते हैं। नाल काटने वाला खुलेआम कहता है।यहाँ 'हरि' शब्द से उसका इशारा उन जुआड़ियों की ओर है, जो रोज अपनी मेहनत की कमाई इस खेल में गंवा रहे हैं।

अब यह देखना अहम होगा कि महाराजपुर पुलिस इस संगठित और सतर्कता से चलाए जा रहे जुए के कारोबार पर कब और कैसे अंकुश लगाती है। समाज को खोखला कर रही इस बुराई पर यदि तुरंत कार्रवाई नहीं की गई, तो यह खेल और भी बड़े अपराधों को जन्म दे सकता है।

# जगननाथ उत्कृष्ट विद्यालय, भारत ज्योति विद्यालय और शासकीय नवीन हाई स्कूल महाराजपुर के मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान





### किंगफिशर ग्रूप द्वारा आयोजित मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह में वितरित किये गए मैडल, सर्टिफिकेट और गिफ्ट वाउचर

मण्डला।

किंगफिशर ग्रुप द्वारा अनोखी पहल के तहत कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को सर्टिफिकेट, मैडल और कैश बाउचर दिया गया। साथ ही अन्य बच्चों को आने वाली परीक्षा में अच्छे प्रतिशत लाकर उत्तीर्ण होने के लिए प्रेरित किया गया। किंगफिशर ग्रुप मंडला के चंद्रकांत जोशी अ. जनरल मैनेजर, सचिन ठाकुर मार्केटिंग हेड, कुंजबिहारी सोनी मैनेजर, अमित मिश्रा, ऋषभ केवट की उपस्थिति में उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह व्यापक रूप से सम्पन्न हुआ। अपने उद्बोधन में सचिन ठाकुर ने कहा कि कोई भी छात्र कमजोर नहीं होता, बस हमें कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटना है। कुंजबिहारी सोनी ने कहा कि सतत प्रयास करने से हम जो चाहे हासिल कर सकते हैं। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र जो मंडला जिले में टॉप किए उन्हें एवं शिक्षक गणों को बधाई दी। इसमें स्कूल की प्राचार्या श्रीमति कल्पना नामदेव, शिक्षक अखिलेश उपाध्याय, आर के हरदहा, प्रवीण अग्रवाल, देवेंद्र कछवाहा, कन्हैया बरमैया, कीर्ति शुक्ला, रंजना पाण्डेय, राम ज्योतिषि एवं अन्य शिक्षक और सभी छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

जगननाथ उत्कृष्ट विद्यालय के साथ - साथ भारत ज्योति इंग्लिश हा.से. स्कूल और शासकीय नवीन हाई स्कूल महाराजपुर में भी किंगफिशर ग्रूप द्वारा मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोहपूर्वक किया गया। किंगफिशर ग्रुप द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को सर्टिफिकेट, मैडल और गिफ्ट बाउचर दिया गया। साथ ही अन्य बच्चों को आने वाली परीक्षा में अच्छे प्रतिशत लाकर उत्तीर्ण होने के लिए प्रेरित किया गया। भारत ज्योति स्कूल मंडला एवं शासकीय नवीन हाई स्कूल महाराजपुर में मेधावी छात्र एवं छात्राओं का सम्मान समारोह व्यापक रूप से सम्पन्न हुआ, जिसमें स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में और सभी छात्र - छात्राओं की उपस्थिति थी।अपने उद्बोधन में सचिन ठाकुर ने कहा कि जीवन एक रेलगाड़ी की तरह है, जिसे हमें अच्छे कर्मों द्वारा सही दिशा में आगे बढ़ाना है। कुंजबिहारी सोनी ने कहा की ईमानदारी और सत्य निष्ठा की गई मेहनत से निश्चित तौर पे हम कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। भारत ज्योति के फादर सी. बी. जोसफ, श्री शैलेश व अन्य शिक्षक व छात्र बड़ी संख्या में उपस्थिति थे।

शासकीय नवीन हाई स्कूल महाराजपुर के प्राचार्य मनीष दुबे एवं फादर सी. बी.जोसेफ ने आभार व्यक्त में कहा कि किंगफिशर ग्रुप द्वारा इस तरीके की पहल से बच्चों का मनोबल बढ़ रहा हैं। इस आयोजन से बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। किंगफिशर ग्रुप की इस पहल को उन्होंने बहुत सराहा। नवीन स्कूल में संपन्न कार्यक्रम के दौरान संस्था प्राचार्य मनीष दुबे, असीम देशमुख एवं सभी शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित थी। किंगफिशर ग्रुप मंडला के प्रमोद सोनी, सचिन ठाकुर, कुंजबिहारी सोनी, जयसिंह राता, अमित मिश्रा, ऋषभ केवट उपस्थित थे।



## इनर व्हील क्लब मंडला ने हर्षोल्लास से मनाया सावन तीज उत्सव



**मण्डला।** इनर व्हील क्लब मंडला द्वारा सावन तीज का पर्व पारंपरिक उल्लास और रंग-बिरंगे अंदाज में मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याएं हरे परिधानों और 16 श्रृंगार में सज-धजकर उपस्थित हुईं, जिससे पूरे वातावरण में सावन की छटा और तीज की रौनक बिखर गई।

इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेलों और गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को मनोरंजक और रोमांचक बनाया गया। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और भी बढ़ गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष श्रद्धा तपा ने की, जबकि सचिव सुनीता पमनानी ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर मोना जैन, आरती ब्रजपुरिया, प्रिया पमनानी, आरती तिवारी, किरण पमनानी, दीपा खंडेलवाल, कमला बानी, तृप्ति गोयल, अनिता राय, अनिता गोयल, अनु चौरसिया, त्रिवेणी पटेल, आशा चौधरी, सरिता इसरानी, अनुराधा चौरसिया, रिया तपा, अंकिता केसवानी, संध्या शिवहरे सहित क्लब की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

सभी सदस्याओं की सहभागिता और उत्साह ने तीज उत्सव को एक यादगार और हर्षोल्लास से भरा आयोजन बना दिया।

## बम बम भोले जयघोष के साथ शिव मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा नाचे धर्मप्रेमी भजन संध्या के साथ नंदी महाराज की स्थापना

**मण्डला।** विगत चार वर्षो से आयोजित कांवड़ यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी भव्यता से किया गया। शिव कांवड़ आयोजक समिति के द्वारा आयोजित इस कांवड़ यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरूष और बच्चें शामिल हुए। कांवड़ यात्रा मुन्नीबाई धर्मशाला के सामने स्थित शिव मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन से की गई। यहां से बलराम चौक, पड़ाव, चिलमन चौंक, बस स्टैंड, ज्ञानदीप स्कूल, नगर पालिका, बड चौराहा अंबेडकर चौक, उदय चौक, सराफा, बुधवारी होते हुए किला घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर कांवड़ यात्रा पहुंची जहां पर भगवान भोले नाथ को जल चढ़ाने के साथ पूजन किया गया और कांवड यात्रा का समापन हुआ। कांवड़ यात्रा का नगर के अनेक स्थानों में धर्मप्रेमियों के द्वारा स्वागत किया गया। इसी कड़ी में बुधवारी में समाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, इंन्द्रेश बब्बल खरया ने कांवडियो में पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। वहीं मंदिर प्रांगण में रात्रिकालीन भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें धर्मप्रेमियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। रविवार को प्रांगण में नंदी महाराज की स्थापना कराई गई जहां पर विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए स्थापना हुई। सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक ने बताया कि कांवड़ यात्रा भगवान शिव के भक्तों द्वारा सावन के महीने में की जाने वाली एक महत्वपूर्ण धार्मिक यात्रा है। इस यात्रा में भक्त गंगाजल या किसी पवित्र नदी से जल भरकर लाते हैं और उसे अपने क्षेत्र के शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। यह यात्रा भगवान शिव के प्रति समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार कांवड़ यात्रा की शुरुआत समुद्र मंथन से जुड़ी है। जब समुद्र मंथन के दौरान हलाहल विष निकला तो भगवान शिव ने उसे ग्रहण किया। विष के प्रभाव से शिवजी को कष्ट होने लगा तब रावण ने कांवड़ में गंगाजल भरकर उन्हें अर्पित किया जिससे उन्हें विष के प्रभाव से मुक्ति मिली। एक अन्य कथा के अनुसार श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता को तीर्थयात्रा कराना चाहते थे। उन्होंने कांवड़ में अपने माता-पिता को बैठाकर हरिद्वार से गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यह भी माना जाता है कि श्रवण कुमार पहले कांवड़िया थे। कुछ लोगों का मानना है कि भगवान परशुराम ने भी गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर पुरा महादेव में शिव का जलाभिषेक किया था और यह भी कांवड़ यात्रा की शुरुआत का एक कारण है। अनेक कांवड़िए यात्रा के दौरान उपवास रखते हैं और दिन-रात शिव का स्मरण करते हैं। मार्ग में



सेवा शिविरों में रुकते हैं जहां उन्हें भोजन, दवाई, विश्राम आदि की सुविधाएं दी जाती हैं। कांवड़िए अक्सर भगवा रंग के वस्त्र पहनते हैं, जो त्याग, भक्ति और तपस्या का प्रतीक होता है। कांवड़िए अकेले नहीं चलते, वे समूह में यात्रा करते हैं जिससे आपसी सहयोग और एकता की भावना प्रकट होती है। रास्ते में अनेक श्रद्धालु स्वयंसेवक बनकर कांवडियों को भोजन, पानी, प्राथमिक चिकित्सा और विश्राम की सुविधा प्रदान करते हैं। ये वे कांवड़िए होते हैं जो बेहद तेज गति से दौड़ते हुए जल लेकर मंदिर तक पहुंचते हैं। इस प्रक्रिया में उनकी पूरी टीम सहयोग करती है। समाज में कांवडियों को भक्ति, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यह यात्रा न केवल व्यक्ति को अध्यात्म से जोड़ती है बल्कि एक सामूहिक ऊर्जा और धार्मिक एकजुटता का भी निर्माण करती है। कांवड़ यात्रा से जुड़ी आस्थाएं युवाओं को धार्मिक परंपराओं से जोडने में अहम भूमिका निभाती हैं। आधुनिक समय में बड़ी संख्या में युवक इस यात्रा में भाग लेते हैं, जो पारंपरिक श्रद्धा को नई पीढ़ी में जीवित बनाए रखने का कार्य करता है। कई युवा बाइक पर या पैदल, ध्वनि प्रणाली के साथ, उत्सव के रूप में इस यात्रा को करते हैं, जिससे यह एक धार्मिक उत्सव और सामाजिक आंदोलन जैसा रूप ले लेता है कांवड़िए सिर्फ तीर्थयात्री नहीं हैं, वे भक्ति, सेवा और अनुशासन का जीवंत उदाहरण हैं। उनकी यात्रा हमें यह सिखाती है कि आस्था में कितनी शक्ति होती है जो न केवल आत्मा को शुद्ध करती है, बल्कि समाज को भी एकजुट करती है। शिव कांवड़ आयोजक समिति के गुड्डू ठाकुर, रानू रजक, नेता नंदा, मुन्ना कोष्टा, राजू नंदा, पप्पू साहू, विश्वकर्मा जी, केसर नंदा, सवीता तिवारी, अमित रजक, तुषार चौरसिया, नरेंद्र लहोरिया सहित अनेक शिवभक्त मौजूद रहे।

## चिल्ड्रन इस्लामिक आर्गेनाइजेशन (CIO) द्वारा नेहरू पार्क में किया गया वृक्षारोपण Hands in Soil, Hearts with India" की टैग लाइन के साथ बच्चों ने रोपे पौधे

मण्डला।

रविवार को स्थानीय नेहरू उद्यान में जमात ए इस्लामी हिंद की बाल इकाई चिल्ड्रन इस्लामिक आर्गेनाइजेशन (CIO) द्वारा वृक्षारोपण किया गया। यह वृक्षारोपण ₹ Hands in Soil, Hearts with India₹ की टैग लाइन के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मायशा आशिफ ने सूरह फातिहा की तिलावत से की। इसके बाद जिया गौहर ने हदीश पेश की। उन्होंने कहा कि हमारे प्यारे नबी, अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहे व आलिहि व सल्लम ने इरशाद फ़रमाया कि जब तुम तकलीफ में हो तो अल्लाह को याद करों। ऐसे काम करों जिससे अल्लाह राज़ी हो, जो लोग तकलीफ में है उनके आशु पोंछों, लोगों की ख़ुशी का सबब बनों। जो माँ तुम्हे लम्बी उम्र की दुआ दे रही है उसका सहारा बनो।

सारा तनवीर ने बताया कि हम यहां सीईओ यानी चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन जो की जमाते इस्लामी हिंद की बाल इकाई की तरफ से यहां वृक्षारोपण करने आए हुए हैं। सीआईओ के तहत हम लोग हर हफ्ते अलग-अलग प्रोग्राम करते हैं। यह बच्चों को दीनी तालीम देने के साथ - साथ सेल्फ डेवलपमेंट, सेल्फ इंप्रूवमेंट और कॉन्फिडेंस को बढ़ाने के लिए किए जाते हैं। अभी हमारा वृक्षारोपण अभियान चल रहा है। हमें पूरे देश में जमाते इस्लामी हिंद द्वारा दस मिलियन पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उसी के तहत हम लोगों द्वारा आज नेहरू पार्क में वृक्षारोपण किया गया है। इसके पहले हमारे सीनियर्स भी अलग - अलग जगहों पर वृक्षारोपण कर चुके है।




जमात ए इस्लामी हिंद मंडला के अमीर ए मुकामी हाफिज मुईन अहमद ने कहा कि वृक्षारोपण वातावरण को शुद्ध करने की नीयत से किया जा रहा है। आज मंडला में सीआईओ के बच्चों ने यह पौधारोपण का प्रोग्राम किया है। इससे पहले जुमे के दिन जमात ए इस्लामी हिन्द के सदस्यों ने मिलकर कब्रिस्तान, जिला चिकित्सालय और मुक्तिधाम में पौधारोपण किया था। इस्लाम में पौधा लगाने की बड़ी एहमियत है इसलिए कि हम अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहे व आलिहि व सल्लम की हर चीज को हम फॉलो करते हैं और उन्होंने कहा कि अगर किसी के हाथ में एक पौधा हो और कयामत का बिगुल बज जाए तो उसको चाहिए कि वह पौधा जमीन में गढ़ दे। तो इतना महत्वपूर्ण चीज अल्लाह के रसूल का फरमान है तो उसी पर हम अमल करते हुए जमात ए इस्लामी पौधारोपण को करते हुए पूरे देश में मना रही है। इस मौके पर हाफिज मुईन अहमद अमीर ए मुकामी जमात ए इस्लामी हिंद मंडला, जावेद अख्तर नाजिम ए इलाका मंडला व डिंडोरी, मोहम्मद फिरोज रूक्न जमात ए इस्लामी हिंद मंडला, सलीम खान सदर अंजुमन रहमानिया कमेटी जामा मस्जिद मंडला, मास्टर रफीक बैग, मोहम्मद सलीम खान (बेकरी), मोहतरमा फरहाना खातून, मोहतरमा शहला तनवीर, मोहतरमा शुमायला खान, स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइज़ेशन के प्रेजिडेंट शायान तनवीर, स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइज़ेशन (SIO) के सेक्रेटरी फैजान रज़ा, चिल्ड्रन इस्लामिक आर्गेनाइजेशन (CIO) के मुसब अख़्तर, हुजैफा अख्तर, ज़ैदान अहमद के साथ बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे।

## निर्माण से पहले ही नींव धंसी

# जिले में 65 लाख की लागत से बन रहा अस्पताल भवन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा



मध्यप्रदेश सरकार भले ही ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही हो, लेकिन ज़मीनी हकीकत सरकार के इन दावों को खोखला साबित कर रही है।

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी।

डिंडोरी जिले के करंजिया जनपद अंतर्गत झनकी गांव में 65 लाख रुपये की लागत से बन रहा अस्पताल भवन निर्माणाधीन हालत में ही जर्जर होता नजर आ रहा है। यह भवन अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुआ है, लेकिन उसकी नींव पहले ही धंसने लगी है। बीम और कॉलम में जगह-जगह मोटी दरारें पड़ चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान इस्तेमाल की गई सामग्री घटिया थी, जिसका नतीजा यह है कि लेंटर के समय मलबा भरभराकर गिर गया था। इसके बाद उस पर केवल ऊपर से लीपापोती कर मामला दबाने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन मौके पर पहुंचे और अस्पताल भवन का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने खुलकर आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। लापरवाही उजागर होने के बाद अब ठेकेदार दरारों को छिपाने में जुट गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह भवन



भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता है। सरकारी योजनाएं जब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती हैं, तो उसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। अब बड़ा सवाल यह है कि 65 लाख रुपये की लागत में भी अगर गुणवत्ता नहीं मिल पा रही है तो आखिर इसकी जवाबदेही किसकी है?

## खबर संक्षेप

### गाडासरई पुलिस ने बोलेरो से पकड़ी अवैध शराब, दो गिरफ्तार



डिंडौरी। गाडासरई थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने बेनीबारी-मझियाखार रोड पर ग्राम गन्नागुड़ा हार स्थित ईंट भट्ठे के पास घेराबंदी की। कुछ समय बाद संदिग्ध बोलेरो (क्रमांक MP36C3101) आती दिखाई दी, जिसे रोकने पर उसमें सवार दो लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान वाहन से 10 पेटी जीनियस व्हिस्की और 2 पेटी एमडी रम (कुल 107.280 लीटर), जिसकी अनुमानित कीमत 81,780/- है, बरामद की गई। इसके अलावा दो एंड्रॉयड मोबाइल, नगद राशि और 8 लाख कीमत की बोलेरो वाहन भी जप्त की गई। महेश शिवहरे (40 वर्ष) निवासी डबरा, जिला ग्वालियर (हाल निवासी राजेन्द्रग्राम) प्रमोद शिवहरे (43 वर्ष) निवासी शिवपुरी (हाल निवासी राजेन्द्रग्राम) दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 245/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अन्य संलिप्त लोगों की तलाश में जुटी है। निरीक्षक गिरवर सिंह उइके, उपनिरीक्षक ध्रुव कुमार सिंह, सहायक उपनिरीक्षक बालमुकुंद चौरसिया, केशव रावत, प्रआर सत्यनारायण पटेल, हरनाम सिंह परते, पंकज, सिद्धु सिंह, आशीष लांजेवार, विनोद राठौर, राजा।

### नवांकुर योजना अंतर्गत नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के दौरान वितरित किए जा रहे पौधे



अमरपुर। विकासखंड अमरपुर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा रविवार को ग्राम अलौनी एवं बिलासर में नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा के दौरान किए गए पौधे वितरण। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के मंशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नवांकुर सखी हरियाली यात्रा पर्यावरण संरक्षण और जन जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के तहत हरियाली यात्रा के लिए नई पहल करते हुए ग्राम की महिलाओं को नामांकित सखी बनाया जा रहा हैं। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया इस पहल से पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी के साथ सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण जागरूकता और सहभागिता बढ़ेगी जिससे पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों में सफलता मिल सकेगी। इसी उद्देश्यों के साथ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान एवं विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे की उपस्थिति में ग्राम अलौनी एवं बिलासर में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव, गुलाब सिंह ठाकुर वरिष्ठ क्षेत्रीय सामाजिक एवं सेवानिवृत शिक्षक, ग्राम पंचायत अलौनी सरपंच गजेंद्र ठाकुर, ग्राम पंचायत अमरपुर सरपंच रामनाथ उद्दे, रामगढ़ से मनीष ठाकुर इसी तरह में बिलासर में क्षेत्रीय जनपद सदस्य रामकिशोर ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता लालकृष्ण ठाकुर एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उक्त विषयों पर उपस्थित ग्रामवासियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। तथा हरियाली कलश यात्रा में सम्मलित होकर उपस्थित नवांकुर सखियों को पौधे वितरित कर पौधा रोपित करने के लिए कहा गया। उक्त कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्थाओं के कार्यकर्ता अरविंद यादव, गणेश केवट, राकेश मरावी तथा मेंटर्स राधेश्याम बनवासी, लाल सिंह ठाकुर, अशोक बनवासी, तिलक सिंह सैयाम तथा स्थानीय समितियां के कार्यकर्ता ग्राम के महिलाएं एवं पुरुष सम्मलित रहे।

## जर्जर मकान में रह रहे मानसिक विक्षिप्तों के सिर मंडरा रहा खतरा, भूमि पर दबंग पड़ोसी का कब्जा





**स्थानीय लोगों की पहल के बावजूद पड़ोसी बना अड़चन**

डिंडौरी।

कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया में मानसिक विक्षिप्त दंपत्ति की जान पर संकट मंडरा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्यारीबाई और प्रकाश उर्फ रामसिंह नामक दंपत्ति अत्यंत जर्जर मकान में जीवन-यापन करने को मजबूर हैं। उनका मकान किसी भी क्षण धराशायी हो सकता है, जिससे इनके जीवन पर गंभीर खतरा बना हुआ है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पीड़ित दंपत्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और खतरे की गंभीरता को समझने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में आसपास के ग्रामीणों और परिजनों ने इन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने का प्रयास भी किया, लेकिन मानसिक स्थिति के चलते दोनों वहां जाने को तैयार नहीं हो रहे हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव सहित कई जागरूक ग्रामीणों ने बार-बार समझाइश देने की कोशिश की, परंतु कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। इसी बीच ग्रामवासियों ने मानवीय पहल करते हुए जर्जर मकान के समीप एक टीन शेड बनाकर अस्थायी सुरक्षित आश्रय देने की कोशिश की, ताकि जान का खतरा कुछ हद तक टल सके। लेकिन विडंबना यह है कि इस प्रयास में खुद दंपत्ति के पड़ोसी और परिजन द्वारा टीन शेड के निर्माण में बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। यह स्थिति न केवल संवेदनहीनता को दर्शाती है बल्कि सामाजिक सहयोग की भावना पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है। ग्रामवासियों ने मांग की है कि जिला प्रशासन इस मामले में तत्परता दिखाए और विक्षिप्त दंपत्ति को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के लिए आवश्यक कानूनी व प्रशासनिक कदम उठाए। यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी भी अनहोनी की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन एवं संबंधित अवरोधकों पर होगी। प्रशासन को चाहिए कि वह इन विक्षिप्त दंपत्ति के संरक्षण हेतु स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयास से त्वरित निर्णय लेकर इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे।

## बरगांव में बूढ़ीमाई मंदिर परिसर में 164वां पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न



डिंडौरी। शहपुरा अंतर्गत ग्राम बरगांव स्थित बूढ़ीमाई मंदिर पहाड़ी प्रांगण में रविवार को 164वें साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय शहपुरा के न्यायाधीश करनल सिंह श्याम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अधिवक्ता, पत्रकार, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उपस्थित वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण और उनकी देखभाल का संकल्प लेने की अपील की।न्यायाधीश करनल सिंह श्याम ने कहा कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा भी पौधारोपण किया जा रहा है।आयोजकों ने जानकारी दी कि यह अभियान लगातार 164 सप्ताहों से जारी है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र को हरित बनाना और जनमानस में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सभी नागरिकों से इस मुहिम से जुड़कर कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश करनल सिंह श्याम के साथ नन्हीं बिटिया कनु श्याम, अधिवक्ता निर्मल कुमार साहू, अमित गुप्ता, उज्ज्वल गुप्ता, लिपिक महेंद्र कुड़ापे, पत्रकार भीमशंकर साहू, पूर्व सरपंच नत्थूलाल बनवासी, युवा समाजसेवी विजय राजा साहू, विवेक कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, यशवंत (मंतू) उसराठे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संस्कार कांवड़ यात्रा: कोसमघाट से कठौतिया तक गूंजे बोल बम के जयकारे



डिंडौरी।

श्रावण मास की पवित्रता और शिवभक्ति से ओतप्रोत रविवार को मां नर्मदा कोसमघाट से कठौतिया तक 17 किलोमीटर लंबी संस्कार कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। भगवान भोलेनाथ को मां नर्मदा के पवित्र जल से जलाभिषेक करने के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कांवड़ यात्रा मां नर्मदा कोसमघाट से प्रारंभ होकर सारसडोली, मेंहदवानी, सरसी होते हुए कठौतिया शिवधाम तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की गई। यात्रा में युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए।

भक्तों ने भगवा वस्त्र धारण कर हर हर महादेव बोल बम और जय शिव शंकर के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। श्रद्धालुओं ने कंधों पर कांवड़ रखकर पैदल यात्रा करते हुए शिवधाम पहुंचकर विधि-विधान से जलाभिषेक कर भगवान शिव की आराधना की।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और युवा जागरूकता का भी संदेश देती है। यात्रा के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर सेवा का पुण्य अर्जित किया।

इस कांवड़ यात्रा में कठौतिया, सुड़गांव, उमरिया, खम्हरिया, सरसी और इमलीटोला के भक्तों ने भाग लिया। श्रावण मास के इस पुण्य अवसर पर संपन्न हुई संस्कार कांवड़ यात्रा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि आस्था और भक्ति जब एक साथ चलती हैं, तो हर कदम पर नया संस्कार जन्म लेता है।

## माँ नर्मदा को समर्पित मैया अभियान के तहत डेम घाट में स्वच्छता सेवा



डिंडौरी।

माँ नर्मदा की पावन धारा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के संकल्प के साथ "मैया अभियान" के तहत रविवार को डेम घाट में स्वच्छता सेवा का आयोजन किया गया। विदित है कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु डेम घाट पर पूजा-अर्चना और आस्था की डुबकी लगाने पहुंचते हैं, जिससे घाट पर कचरा फैलने की समस्या बढ़ जाती है। जय गुरुदेव सेवा संस्थान की महिला कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में इस अभियान के दौरान घाट पर फैले प्लास्टिक, कपड़े, कापू आदि को साफ कर लगभग एक गाड़ी जंगली कचरा नर्मदा जी से बाहर निकाला गया। यह कार्य विशेष रूप से हाल ही में आई बाढ़ के कारण और भी आवश्यक हो गया था।

गौरतलब है कि मैया अभियान पिछले तीन वर्षों से लगातार जारी है। इसमें सरकारी कर्मचारी, विद्यार्थी और नगरवासी हर रविवार सुबह 7 बजे से श्रमदान करते हुए नर्मदा सेवा में योगदान दे रहे हैं।

अभियान से जुड़े डॉ. संतोष परस्ते (आयुष विभाग), आर.पी. कुशवाहा (नेहरू युवा केंद्र), वरिष्ठ शिक्षक शाहिद खान, देवदूत रक्तदान परिवार से भागवत यादव, यथार्थ यादव, महेंद्र उचेहरा, प्राचार्य राम विशाल मिथलेश सहित विद्यार्थी माही बोरोतिया, ओमवीर जाट, आशीष तिवारी ने भी भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

डिंडौरी।

भारतीय जनता पार्टी मंडल सक्का की कार्यसमिति की बैठक आज सक्का में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तेलचित्र पर तिलक एवं माल्यार्पण कर की गई।मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे का स्वागत मंडल अध्यक्ष अनिल साहू ने किया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम का स्वागत शाहपुर मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने किया। जिला मंत्री श्रीमती कीर्ति गुप्ता तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा का भी स्वागत किया गया।



मंडल अध्यक्ष अनिल साहू ने स्वागत भाषण में संगठन की मजबूती पर बल दिया। मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष नेताम ने पार्टी के दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर तक पहुंचाना है।मुख्य अतिथि धुर्वे ने कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाई जाए।

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री रोहित मरकाम ने किया। इस अवसर पर अमरपुर मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव, मंडल महामंत्री सुरेश नायक, बलवंत कुशराम, भागीरथ उरैती, तरुण ठाकुर, रामकुमार बनवासी, रितेश उसराठे, उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, कंतराम प्रजापति, इमरत सिंह परस्ते, सरला देशमुख, मंडल मंत्री ईश्वर ठाकुर, दिलीप धार्या, मोहवती मसराम, सेमवती मरावी, कोषाध्यक्ष सरोज तिवारी, मीडिया प्रभारी सुशील साहू, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकुमार अहिरवार, तथा बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एबीपी का अवैध वसूली का आडियो वायरल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सोशल मीडिया पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता का आडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। एनएसयूआई द्वारा वायरल किए गए आडियों मे किसी कोचिंग संस्थान के संचालक से सहयोग के नाम पर राशि की मांग की जा रही है। वही राशि की मांग करने वाले व्यक्ति द्वारा स्वंय को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता बता रहा है। आडियो वायरल होने के बाद नगर मे चर्चा का विषय है तथा लोगों द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लगा रहे है। ओडियो वायरल होने के बाद से अब तक उच्च पदाधिकारियों द्वारा कोई प्रतिक्रिया नही दी गई है।

### किशोर को सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस घर के पास खेल रहे किशोर को सर्प ने काट लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यन पिता रामरतन उम्र 12 वर्ष निवसी बिचुआ थाना तेंदूखेड़ा को घर पास खेलते समय सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### सड़क दुर्घटना मे व्यक्ति घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस अंधियारी के पास हुई सड़क दुर्घटना व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि टेक सिंह पिता नेतरात मुड़िया निवासी बरहटा थाना मुंगवानी ग्राम अधियारी के पास हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचारी जारी है।

### छात्रवृत्ति हेतु ओटीआर पंजीयन 30 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग नरसिंहपुर ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार कक्षा 9 वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवृत्ति प्री.मै. पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय सीमा राशि रुपये 2.50 लाख से कम) का लाभ प्राप्त होता है उन्हें वर्ष 2025-2026 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लिए जाने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। जिसके लिए पृथक से पुनरू ओटीआर की आवश्यकता नही होगी। प्रत्येक विद्यार्थी को 30 जुलाई 2025 से पूर्व रजिस्ट्रेशन किया जाना अनिवार्य किया गया है। कक्षा 9 वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा ओटीआर नंबर प्राप्त करने की प्रक्रिया दो चरणों मे संपन्न होगी। प्रथम चरण में विद्यार्थी को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल की वेबसाइट से अथवा मोबाइल पर एनएसपी ओटीआर मोबाइल एप डाउनलोड कर उसमें आवश्यक जानकारी दी जाकर रेफरेंस नंबर प्राप्त करना होगा, द्वितीय चरण में एनएसपी ओटीआर एप एवं आधार फेस आरडी सर्विसस एप डाउनलोड कर रेफरेंस नंबर के माध्यम से ओटीआर की प्रक्रिया पूर्ण कर ओटीआर नंबर प्राप्त करना होगा। प्राप्त ओटीआर नंबर को अपनी स्वयं की एमपीटीएएस प्रोफाइल आईडी पर लॉगिन कर ओटीआर नंबर को अपडेट करना अनिवार्य है।

### श्री जालमसिंह ठाकुर का स्वर्गवास



**गोटेगांव।** विगत दिवस नगर के समाजसेवी सतीश कुमार जितेंद्र कुमार ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि के पिता एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनमजितेंद्र ठाकुर के ससुरश्री जालमसिंह ठाकुर का 72 वर्ष की आयु में इलाज के दौरान निधन हो गया। गोटेगांव मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया स्कूलों का निरीक्षण,अनियमितता पर नोटिस जारी करने निर्देश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**





विगत दिवस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार द्वारा विकासखंड नरसिंहपुर की विभिन्न शासकीय शालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों में मिली अनियमितता पर संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंड नरसिंहपुर की एकीकृत माध्यमिक शाला मढ़ पिपरिया, शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़यिा और प्राथमिक शाला मगरधा का औचक निरीक्षण किया। जानकारी में बताया गया कि जिला स्तरीय शिक्षकों की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाती है। इस दौरान शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते हैं। इन्हीं निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से यह निरीक्षण किया गया।

### विद्यार्थियों से पूछे प्रश्न

सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने बच्चों से एफएलएन कक्षाओं में बच्चों से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान संबंधित प्रश्न पूछे। निरीक्षण के दौरान एकीकृत माध्यमिक शाला मढ़ पिपरिया में तीन शिक्षकों में से एक शिक्षक उपस्थित और दोष शिक्षक आकस्मिक अवकाश के आवेदन के बिना अवकाश पर पाए गए। यहां छात्र- छात्राओं द्वारा अभ्यास पुस्तिका पर कार्य किया गया, लेकिन शिक्षक द्वारा चैक नहीं किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने विद्यालय के छात्र रीतेश, माधवी, प्रतिभा ठाकुर, प्राची, मोहनी से शैक्षणिक प्रश्न पूछे। यहां निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक स्तर संतोषजनक नहीं पाई गई। समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार एवं भरपेट भोजन नहीं परोसा जा रहा था।

### विद्यार्थियों से 20 तक का पहाड़ा पूछे

भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ द्वारा जन शिक्षा केंद्र ढांगीढाना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मुड़यिा के निरीक्षण के दौरान पहली व दूसरी कक्षा की अंबिका ठाकुर से सरल शब्द पढ़वाया। विद्यार्थी लक्ष्य चैधरी, वंशिका ठाकुर, मयंक विश्वकर्मा से गीत-कविता एवं कक्षा तीसरी के वेद रजक, अंशिका मेहरा से शब्द लेखन, कक्षा चैथी के देव चैधरी, विकास ठाकुर, संजय यादव, कार्तिक विश्वकर्मा, महक विश्वकर्मा द्वारा पुस्तक का पाठ पढ़वाया एवं शब्द लेखन कराया गया। यहां विद्यार्थियों से 20 तक का पहाड़ा एवं गुणा संबंधित प्रश्न पूछे। कक्षा पांचवीं की छात्र आंशिका मेहरा व प्रशांत ठाकुर से भी पाठ पढ़वाया।

### शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश

स्कूलों के भ्रमण के दौरान प्राथमिक शाला मगरधा के निरीक्षण में यहां कार्यरत चार शिक्षकों मे से दो उपस्थित एवं एक शिक्षक बिना आवेदन के अवकाश पर मिला। विद्यालय में कमरे की उपलब्धता के बाद भी सभी छात्र एक कमरे में बैठे पाए गए। प्रधानपाठक को अभ्यास पुस्तिका खाली मिलने, अवकाश एवं विद्यालय में छात्रों की शैक्षणिक स्थिति में शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एपीसी समीर त्यागी मौजूद थे। वही सूत्रों के माने तो जिले मे ऐसे कई स्कूल है जहां पर शिक्षकों की मनमानी बदस्तूर जारी है। प्रशासन को चाहिए कि समय समय पर उच्च अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। जिससे जिले के शिक्षा व्यवस्था मे पूरी सुधार हो सके।

## आपदा प्रबंधन हेतु कार्यशाला का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं की जानकारी देते हुए उनसे निपटने की जानकारी छात्र- छात्राओं को दी गई। आग, बाढ़, आकाशीय बिजली, सर्पदंश और भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने के उपयो को बताया गया। कार्यशाला प्रशिक्षण में मॉक ड्रिल के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। विद्यालय प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों से अपील की, कि आपदा और विपरीत परिस्थितियों में घबराएं नहीं और धैर्य से काम लें। साथ उन्होंने भूकंप पर अपने अनुभव भी साझा किए। इस दौरान उच्च माध्यमिक शिक्षकों सुनील दीक्षित, गनी मोहम्मद एवं तरुवर पटेल ने भी आपदा प्रबंधन के गुण एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक तथा मानव निर्मित आपदाओं से बचने के तरीकों के बारे में अवगत करवाया। सात ही अतिथि शिक्षक प्रशांत नामदेव की सहायता से विद्यार्थियों को बाढ़ एवं भूकंप पर शॉर्ट फिल्म दिखाई गई।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिदिन किया जा रहा अभिषेक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर के यादव कॉलोनी जरजोला रोड स्थिति अरमान नगर कॉलोनी मे प्रतिदिन भगवान शिवाय का अभिषेक चल रहा है सावन के पावन महीने में यादव कॉलोनी चित्रगुप्त मंदिर से मातृ शक्ति ने कावड़ यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और भक्ति के साथ महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ की आराधना की। भोले बाबा के जयकारों के साथ महिलाएं अरमान नगर कॉलोनी स्थित नर्मदेवर महादेव शिव मंदिर पहुंचीं। वहां जल अर्पित कर पूजा-अर्चना मे शामिल हुई।एव मंदिर मे सावन माह के पहले दिन से प्रतिदिन भगवान शिव का अभिषेक चल रहा है आज भगवान शिव को 56 प्रकार का भोग महिलाओं के द्वारा लगाया गया मंदिर मे अभिषेक पंडित दीपक शास्त्री के द्वारा सुबह 9 से 12 बजे तक प्रतिदिन चल रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत श्री देव रामानंद न्यास की भूमि पर पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। अभियान के तहत 51 वृक्ष लगाए गए, कार्यक्रम में सुदर्शन वैध नीलू जैन पार्षद अक्षत सोनी शारदा साहू वरिष्ठ जन गोविंद प्रसाद सोनी ,बी डी सोनी, डा.बसंत सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामचरण सोनी, न्यास अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सोनी, उपाध्यक्ष जगदीश जी सोनी,कोषाध्यक्ष मुरारी लाल सोनी, सचिव विनोद सोनी, सह-सचिव डा. राजेन्द्र सोनी, सदस्य गोविंद सोनी, नगर अध्यक्ष राजेश सोनी, आदित्य सोनी, प्रदेश अध्यक्ष अर्चना सुरेन्द्र सोनी, प्रदेश सचिव संगीता सोनी, नगर अध्यक्ष प्रियंका सोनी की उपस्थिति रही।

## लीनेस क्लब ने मनाया ग्रीन फाउंडर डे



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लीनेस क्लब संस्कार ने ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स का स्थापना दिवस ग्रीन फाउंडर डे के रूप में मनाया । इस उपलक्ष में अध्यक्ष ज्योति तिवारी ने सभी सदस्यों को गुलाब के पौधे स्मृति स्वरूप प्रदान किये। सचिन मनीषा पुरोहित ने सभी को प्रकृति को हरा-भरा रखने का संकल्प दिलाया। इस उपलक्ष में सभी पूर्व अध्यक्ष लीनेस सरला निगम, मालती त्रिवेदी, गीता दुबे, कमला मिश्रा, संध्या कोठारी, सुमन शर्मा, शिखा साहू ,सुषमा तिवारी को सम्मानित किया गया एवं उन्होंने अपने अध्यक्ष काल के संस्मरण सुनाए। लीनेस नीता शर्मा द्वारा सुहाग सामग्री वितरित की गई एवं सभी ने मिलकर सावन के गीत गाए। इस कार्यक्रम में वात्सला त्रिवेदी ,रचना त्रिवेदी ,बलजीत कौर ,कुसुम राजपूत ,मनीषा टंडन, अंजना दुबे ,दुर्गा राय ,नंदिता चैबे, शालू भाटिया की उपस्थिति प्रमुख रही ।अंत में लीनेस मनीष पुरोहित ने आभार व्यक्त किया।

## शंकराचार्यजी के वर्धपन दिवस पर महाआरती कर भक्तों ने लिया आशीर्वद



**गोटेगांव**

विगत दिवस स्थानीय श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में श्री रामभक्त हनुमानजी की महाआरती पं.दीपकतिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधिविधान के साथ नारायण सोनी द्वारा जन्मोत्सव पर पूजन अर्चन कर अंजनीसुत को इमरती की जलेबी का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण करने के उपरांत उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्रीराम स्तुति श्री हनुमानचालीसा श्री हनुमानजी की महाआरती का गायन किया गया,गौरतलब हैकि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचनजी की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षो से भी अधिक समय से एवं 293 वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीत मय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति पप्पूसोनी धर्मेंद्र चौबे कमलस्वामी विद्याचरण पाराशर विजेंद्र ठाकुर पंकजनोरिया एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न किए जाने के तत्पश्चात पूज्यपाद अनंतश्री विभूषित ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराजश्री के 56वें वर्धापान दिवस एवं नारायण सोनी के जन्म दिवस पर सोनी परिवार एवं समिति के समस्त भक्तों ने उनकी दीर्धायु की कामना की.इस अवसर पर बद्री प्रसाद चौकसे नर्मदाप्रसाद गुप्ता नारायणप्रसाद गुप्ता रघुनाथराय दीपकसराठे मयंक शर्मा सर्वेशजोशी शिवकुमार विश्वकर्माकैलाश गुप्ता विमलेशराय नीरज नेमा मनोजनामदेव मनीष साहू अभिषेकसोनी निहाल अग्रवाल मुकेशठाकुर अनिल अग्निहोत्री पिंटू नामदेव दीपकसोनीमोहन सोनी महेशनामदेव ओम प्रकाश साहू सुनीलसोनी छुट्टूटूसोनी बलरामसोनी शैलेन्द्र गुप्ता प्रदीपनोरिया विनोदसाहू राजकुमार ठेकेदार सौरभसोनी बटुक सेवक अक्षतसराठे अनुज ठाकुर ऋषिविश्वकर्मा मातृ शक्ति अर्चनासोनी प्रतिभा सोनी पूजासोनी शैलीसोनी सौम्यासोनी सुमनगुप्ता मंजूला गुप्ता प्रीतिपटेल सोनाली नामदेव राधिका वैष्णव शंकरदेई चौहान अभिनंदन अग्रवाल सिद्धि सोनी संदीपसोनी सहित मातृशक्ति व नन्हेमुन्ने बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही

## श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम में कावड़ यात्रियों का आगमन हुआ



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बरहटा ग्राम के पास श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम में कावड़ यात्रियों का आगमन हुआ, जिन्होंने सिद्धेश्वर भगवान का रुद्राभिषेक किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कावड़ यात्रियों ने भगवान सिद्धेश्वर की पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया रुद्राभिषेक के दौरान कावड़ यात्रियों ने भगवान सिद्धेश्वर को जल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। इससे उन्हें भगवान का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।यह आयोजन धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें कावड़ यात्री दूर-दूर से आते हैं और भगवान सिद्धेश्वर की पूजा-अर्चना करते हैं। इससे उनकी भक्ति और श्रद्धा का प्रदर्शन होता है।

## सरकारी भूमि पर पट्टे की मांग को लेकर ग्रामीण ने कलेक्ट्रेट में कलेक्टर को दिया आवेदन



**गोटेगांव।** झोतेश्वर ग्राम पंचायत अंतर्गत श्याम नगर से गांव के ग्रामीण जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने कलेक्टर को लिखित आवेदन देते हुए कृषि कार्य के लिए सरकारी भूमि की मांग की वहीं ग्रामीण ने बताया कि वह लंबे समय से सरकारी भूमि पर कृषि कार्य कर रहा है और अपने परिवार का भरण पोषण करता है वहीं उसने कलेक्टर को आवेदन देते हुए सरकारी भूमि पर कृषि कार्य करने के लिए सरकारी पट्टे की मांग की है जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सके इन्हीं मांग को लेकर ग्रामीण ने शनिवार 3 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को आवेदन दिया।

## यदि आपका नजरिया अच्छा है तो परिणाम भी अच्छा मिलेगा -प्रबुद्धनगर

**गोटेगांव**

मुनि प्रबुद्धसागर महाराज जी एवं निर्दोष सागर महाराज जी का चातुर्मासरत 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय में,चातुर्मास मंगल कलश स्थापना के 15वें दिवस सर्वप्रथम गुरुवारों की अर्चन उपरांत मुनिश्री प्रबुद्धसागर महाराजजी ने धर्मानुकूल बात रखते हुए कहाकि सच्चा देव सम्यक दर्शन का धारी होता है उस देवता का पहला लक्षण उत्छिन्न है, इसका मतलब उस देवता ने सभी दोषों का त्याग कर दिया,ये प्रमुख दोष हैं भूख प्यास बुढ़ापा रोग भय जन्म मरण घमंड,रागद्वेष मोह माया आश्चर्य अरति खेद शोक निद्रा चिंता स्वेद जैसे इन सभी 18 दोषों से रहित होता है,और जो 18 दोषों से रहित एवं 46 गुणों से युक्त होता है वही वीतरागी व सच्चा जिनेंद्रदेव है, प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में ऐसी शरण तलाशनी चाहिए जिसका कोई शत्रु नहीं है, वह राग द्वेष ना करता हो और यह अरिहंत भगवान ही हैं। जैसे ही तुम अरिहंत भगवान की शरण में आओगे तत्काल आपके शत्रु भी मित्र बन जाते हैं, कई जन्मों की दुश्मनी व वैमनस्यता खत्म हो जाती है,आगे पूज्य मुनिश्री नेकहा कि मंदिर सदैव मित्रता रखना सिखाता है,धर्मकभी भी रागद्वेष दुश्मनी नहीं सिखाता,बल्कि धर्म तो सदैव यह सिखाता हैकि जियो और जीने दो,भगवान की शरण में आने पर सभी के दोष खत्म हो जाते हैं, और दुश्मनी खत्म होकर वह धर्मवान बन जाते हैं, अरिहंत भगवान त्रिलोकी नाथ हैं,एक इंद्रिय से लेकर पंच इंद्रिय तक के पशु पक्षी सभी जीवों को भगवान के समोसारण में प्रवेश मिलता है,जन्मजात बेरी भी समोशरण में आकर एक दूसरे के आसपास बैठते हैं, आगे पूज्य गुरुवर ने पापा चार से बचने की सीख देते हुए कहाकि जब कोई व्यक्ति असंख्यात पाप कर्म हिंसा करता है तो उसके हाथ नहीं कांपते,लेकिन जब व्यक्ति के इन्हीं किए गए पाप कर्मों का उदय होता है,पापकर्म खुलते हैं तो शरीर भीकांपने लगता है,जीवों के भाव गिरते उठते हैं,मुनिश्री ने ज्यादातर व्यक्तियों की आदतों को पहचानते हुए कहाकि आपका चेहरा ,पर्सनालिटी तो सुधारने में लगे रहते हो लेकिन भाव नहीं सुधारते जबकि मोक्ष मार्ग भावों को सुधारने की ही बात कहता है,चेहरा सुधारने की बात नहीं करता मोक्षमार्गी को किसी भी चीज से मोह नहीं रहता, किसी भी परिस्थिति में व्यक्ति को अपना धर्ममार्ग नहीं छोड़ना चाहिए,यदि आप अपने दायित्व पूर्ण कर लिए तो आखिरी में आपको योगों का निरोधकर आत्म कल्याण के मार्ग पर चलना चाहिए,व्यक्ति जब कर्मों से मुक्त हो जाता है तो उसका किसी से भी रागद्वेष मोह नहीं रह जाता वह तो अपने आप में विरक्त होता है,हर एक जीव को अपनी अंतिम मंजिल सिद्धालय मानकर 46 गुणों को धारणकर 18 दोषों को त्यागकर चलना चाहिए,भगवान के पास अनंत बल है वहां थकान नहीं आती उन्हें विस्मय भी नहीं होता क्योंकि वह ज्ञान के धारक होते हैं,व्यक्ति चिंता सदैव भविष्य की करता है वर्तमान की नहीं करता लेकिन जो ज्ञानवान समझदार होता है वह कहता है कि जो होगा देखा जाएगा,सम्यक दृष्टिवान इससे डरता नहीं हैकि भविष्य में क्या होगा लेकिन असंयमी डरकर सोचता व घबराता रहता हैकि आगे क्या होगा,संयमी कहता है कि जो होगा अच्छाही होगा,कुल मिलाकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है,लेकिन जब कर्मों का उदय होता है तब उस कर्म से पीड़ित होकर निर्जरा तो नहीं करता बल्कि इन्हीं कर्मों में उलझा रहता है, शंका है तो समाधान भी है लेकिन व्यक्ति चिंता में ही उलझा रहता है,यदिआपका नजरिया अच्छा है तो परिणाम भी अच्छा मिलेगा आपको चिंतन करना है चिंता नहीं करना चाहिए, चिंतन उत्कृष्ट बुद्धि से होता है,और चिंता निकृष्ट बुद्धि का व्यक्ति करता है,चिंता करने से रास्ता बंद होता है और चिंता करने से रास्ता खुलता है और पढ़े-लिखे और बेवकूफ में यही फर्क है धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बंधुओ ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया......

## गन्ना फसल को नुकसान पहुंचा रहे जंगली सुअर



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों जंगली सुअरों का गन्ना फसल को बड़ी मात्रा में नुकसान पहुंचाया जा रहा है। किसानों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि अंधेरा होते ही जंगली सुअरों के झुंड गन्ना खेतों में घुस जाते हैं जो रात भर में बड़ी संख्या में फसल को नुकसान पहुंचा देते हैं।गुटोरी क्षेत्र के प्रतिष्ठित कृषक रामसेवक नंदराम तुलाराम पटेल शुभम सेन राकेश कुमार ब्रजेश कुमार ने बताया कि संपूर्ण क्षेत्र में गन्ने की फसल लगाई गई है। फसल में सुअर घुसते ही भीतर जाकर छिप जाते हैं आवाज करने पर भी नहीं भागते हैं।कृषक इनके हमलें के भय से खेतों में भी नहीं घुस पाते हैं। चूंकि वन विभाग को भी अनेकों बार इस विषय से अवगत करा दिया गया है। फिर भी किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पूर्व में भी सुअरों के हमलें से कृषक जख्मी हो चुके हैं। किसानों ने तत्काल प्रभाव से मांग की है कि फसलों की नुकसानी को देखते हुए उचित कार्यवाही की जाये।

### मनमाने दामों पर बिक रहा डी ए पी और यूरिया

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां किसानों की आमदनी को दुगुना करने से लेकर तरह-तरह की लोभ लुभावनी घोषणाएं की जा रही है वहीं वर्तमान में किसान परेशान देखा जा रहा है। वर्तमान में जहां मूंग फसल को बेचने के लिए एक पखवाड़े से मुख्य सड़क मार्गों पर ट्रेक्टर लेकर पड़ा हुआ है। लगातार हो रही वारिस के चलते जहां सोयाबीन और अरहर का बीज खराब हो गया है। मक्का फसल भी अधिक पानी के कारण ग्रोथ नहीं कर पा रही है।इसी बीच किसानों को डी ए पी और यूरिया को लेकर काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बाजार में कुछ डी ए पी विक्रेताओं द्वारा मनमाने दामों में विक्री की जा रही है। यूरिया में भी गुणवत्ता देखनें को नहीं मिल रही है। कृषकों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि कुछ व्यापारियों द्वारा निर्धारित मूल्य से भी अधिक दामों पर मौके का फायदा उठाकर बिक्री की जा रही है। जरुरत मंद किसानों को मजबूर होकर खरीदना ही पड़ता है। कृषि विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि इन व्यापारियों की गोदामों का छापामार शैली में औचक निरीक्षण कर दंडात्मक कार्यवाही की जाये। कुछ कृषकों का कहना है कि इन व्यापारियों को पूर्व में सूचना मिल जाती है निरीक्षण के समय या तो व्यापारी अपनी दुकान और गोदाम में ताला डालकर चलते बनते हैं या फिर किसी भी तरह बच जाते हैं।इस तरह की स्थिति पूर्व में भी हुई थी लेकिन आज तक कोई उचित कार्यवाही नहीं होने से हौंसले बुलंद हो रहें हैं।

### गांव- गांव निकाली जा रही हरियाली कलश यात्रा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नवांकुर सखियां उत्साहित नजर आ रही हैं। जिले के अलग- अलग 5 सेक्टरों के गांव- गांव में हरियाली कलश यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया जा रहा है। इसके अलावा अन्य महिलाएं भी नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत होकर बढ़चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। रविवार 27 जुलाई को विकासखंड नरसिंहपुर के धमना सेक्टर के ग्राम बम्होरी- तिंदनी में, विकासखंड गोटेगांव के अकोला सेक्टर के ग्राम सूरवारी में, विकासखंड चीचली के सेक्टर बसुरिया के ग्राम बसुरिया में, चीचली सेक्टर के ग्राम गांगई में और विकासखंड चांवरपाठा के सेक्टर डोभी के ग्राम खामघाट में नवांकुर सखी योजनांतर्गत नवांकुर सखियों द्वारा हरियाली कलश यात्रा निकाली गई। नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा जिले में चैथे दिन विकासखंड के 5 सेक्टर में नवांकुर सखियों के सहयोग से निकाली गई। नवांकुर सखी कार्यक्रम परिषद द्वारा पूर्व में नवांकुर संस्थाओं को वित्त पोषित किया गया है, जिसके फलस्वरूप व्यापक स्तर पर रोपणियों का कार्य संचालित किया जा रहा है। नवांकुर संस्थाओं के कार्यों को समाज एवं पर्यावरण से जोड़ना परिषद की प्राथमिकता है। इसी क्रम में परिषद के सहयोग से स्थापित नवांकुर संस्थाओं की रोपणियों से बीजा रोपित थैलियों अंकुरित पौधों की थैलियों के पौधों की देखभाल में स्थानीय महिलाओं की सहभागिता से किया जा रहा है।